समाचार रिपोर्टिंग के उपकरण सामाजिक दूरी के दौरान

कोविड-19 के चलते कई जगहों पर अर्ध या पूर्ण लॉकडाउन लागू हुआ है, इसलिए अब कई पत्रकार घर से काम करने की नई वास्तविकता के साथ समायोजित हो रहे हैं. उसका प्रभाव हमारे समुदायों पर हमारी रिपोर्ट करने के तरीकों से पड़ता है, हम कैसे अपनी कहानियों में समुदायों के मुद्दों का अवलोकन करते है और अपना ध्यान ऑनलाइन केंद्रित कर सकते हैं।

पर हम किस तरह सुनिश्चित करें की हमारी सामुदायिक आवाज़ अभी भी हमारे रिपोर्टिंग के केंद्र में है? हमारे अस्थायी घरेलू कार्यालयों में अपने लैपटॉप पर काम करते वक़्त कौन से उपकरण उपलब्ध है, जो हमें अपने न्यूज़ रूम, स्त्रोतों और समुदायों से जोड़ सके?

इस संदर्भ में मोबाइल और फ्रीलांसर पत्रकारों का पास यह उपकरण प्रमुख रूप में पायी गयी है| क्योंकि वे घर से, कैफे से, या जहा भी पावर पॉइंट मिले वहा से काम करने के आदि है| हमने उनके समृद्ध अनुभव के बलबूते यह गाइड बनायीं है जिससे नौसिखिये दूरवर्ती पत्रकार #WFH veterans प्रतीत हो| और क्योंकि हम जानते हैं की सबको विश्वसनीय इंटरनेट सेवा उपलब्ध नहीं है, इसलिए हमने उच्च और निम्न तकनीकी विकल्पों को भी शामिल किया है। यह जानकर आपको आश्चर्य होगा की इंटरनेट से पहले पत्रकार हुआ करते थे

वीडियो फुटेज रिकॉर्ड करने की आवश्यकता है ?

हाई-टेक: पत्रकारों को कई कारणों से स्काइप पसंद है; वह दुनिया भर के लोगो का इंटरव्यू कम बजट में कर सकते है, वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा उन्हें स्त्रोतों का साक्षात्कार कराती है, और सारे स्काइप-से-स्काइप वॉइस, वीडियो, फाइल स्थानांतरण, और तत्काल मैसेज एन्क्रिप्ट किये जाते है (हालांकि अतीत में स्काइप के चीनी संस्करण टॉम-स्काइप की सुरक्षा को लेकर कुछ प्रश्न उपस्थित हुए है)।

स्काइप कॉल्स को रिकॉर्डिंग करने की सुविधा प्रदान करता है, जिस वजह से यह टीवी और वीडियो पत्रकारों के लिए उपयुक्त उपकरण है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: covid-19@internews.org

Internews

वीडियो फुटेज रिकॉर्ड करना है? (जारी है)

हाई-टेक: इस प्लेटफार्म का एक और फायदा यह है कि वह जाना-पहचाना है, इसलिए अपने अतिथि को इस टेक्नोलॉजी से अवगत कराने में बहुमूल्य समय बर्बाद नहीं होगा| मैक पर ऑडियो हाईजैक एक और विकल्प है, विंडोज पर टोटल रिकॉर्डर वही सुविधा प्रदान करता है।

इंटरनेशनल जर्नलिस्ट नेटवर्क के पास अपने घर के आरामदायक माहौल में कोवीड-19 की फुटेज प्राप्त करने के लिए भी मार्गदर्शिका है।

लो-टेक: *इंटरनेट कनेक्शन न होने पर या अप्रयाप्त होने पर विडियो साक्षात्कार रिकॉर्ड करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, पर असंभव नहीं! आप अपने स्त्रोत को सामान्य फ़ोन लाइन से फ़ोन कर सकते है, और वे उनके फ़ोन या वेबकैम की मदद से अपने कंप्यूटर पर रिकॉर्ड कर सकते है| वीडियो फाइल को फिर फ़्लैश ड्राइव पर प्रत्यक्ष पिकअप के लिए स्थानांतरित किया जा सकता है (जहाँ सुरक्षित या अनुमति प्राप्त हो)|*

ऑडियो साक्षात्कार को रिकॉर्ड करना है?

हाई-टेक: टेपअकॉल उन ऐप्स में से एक है जो आपको आपके स्मार्टफोन से फ़ोन इंटरव्यू रिकॉर्ड करने की सुविधा देता है| यह ऐप वर्तमान में 20 से अधिक भाषाओं को सपोर्ट करता है और फ़ोन कॉल ख़त्म होने पर आसानी से ऑडियो फाइल डाउनलोड करने की सुविधा देता हैं|

आप गूगल वॉइस या यॉलो या रिंगर भी इस्तेमाल कर सकते है ,जो आपके और आपके साक्षात्कारकर्ता के बीच एक इंटरनेट आधारित कॉल को स्थापित करते हैं, दोनों तरफ से संगणक या फोन के संभाषण को रिकॉर्ड करता है, फिर आपको वह ऑडियो भेजता है जो आपके साक्षात्कारकर्ता के डिवाइस पर रिकॉर्ड किया होता है। आप अपने स्त्रोत को स्काइप कॉल कर सकते है, जबकि वे अपने फोन के भीतर वॉयस मेमो फ़ंक्शन का उपयोग करके अपनी आवाज़ रिकॉर्ड कर सकते हैं|

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: covid-19@internews.org

ऑडियो साक्षात्कार को रिकॉर्ड करना है? (जारी है)

लो-टेक: *कई मामलों में, दूसरे व्यक्ति के बिना अनुमति से फ़ोन कॉल रिकॉर्ड करना गैर-कानूनी है, इसलिए हमेशा सम्बंधित व्यक्ति को अपने कॉल रिकॉर्ड करने की योजना के बारे में सूचित करें ताकि वे पूरी सहमति दे सकें*

फ़ोन कॉल रिकॉर्ड करने के बारे में अधिक जानकारी इस उपयुक्त गाइड में ट्रांसोम में है और यहाँ आप अपने मेहमानों को उनके घर से रिकॉर्डिंग कैसे करे इसकी ट्यूटोरियल भेज सकते हैं|

वॉइसओवर रिकॉर्ड करना हैं?

घर से काम करने की एक और चुनौती: स्वच्छ और अचूक वॉइसओवर कैसे रिकॉर्ड करें (जिनमे आपके पड़ोसियों की या कुत्ते के भौंकने के आवाज़े पीछे से शामिल न हों!)। अर्थात,पीछे की आवाज़े कभी कभी यथोचित होंगी यदि आप उन्हें अपनी कथानक में लिखते हैं, उदाहरण के लिए *'अब आप पड़ोस की चहल पहल को सुन सकते हैं*।

हाई-टेक: आप हज़ारो डॉलर खर्च कर ऐसा होम स्टूडियो बना सकते है जो आपके कार्यालय के रिकॉर्डिंग बूथ को चुनौती दें| यहाँ अपने घर पॉडकास्ट सेटअप के लिए सुझाव देखें|

लो-टेक: *यह एक ऐसा क्षेत्र है जहा कम तकनीक वाले दृष्टिकोण से हाई-टेक विकल्पों की तुलना में लाभदायक सिद्ध हो सकता है। आपके घर के आरामदायक माहौल में पर्सनल वॉइस रिकॉर्डर या मोबाइल फ़ोन से (अपेक्षाकृत) का इस्तेमाल कर साफ वॉइसओवर रिकॉर्ड करने के कई तरीके हैं। आप कपड़ो से भरी हुई अलमारी में खड़े होकर, कम्बल के नीचे आवाज रिकॉर्ड कर सकते है या या एक पोर्टेबल बूथ बनाने के लिए कार्डबोर्ड बॉक्स का इस्तेमाल कर सकते हैं| यदि ये विकल्प काम न आए तो अधिकांश ऑडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर में रिकॉर्डिंग से पृष्टभूमि की ध्वनि को हटाने की सुविधा होती हैं| इनमे कुछ विकल्प दूसरों से ज्यादा प्रभावशाली है, लेकिन ये सारे विकल्प सुविधाजनक साबित होते है इसलिए ये आपकी कमान में होने चाहिए| यहाँ एक संक्षिप्त ट्यूटोरियल है जो निशुल्क ऑडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर ऑडेसिटी का कैसे इस्तेमाल करे यह बताता है या इस ट्यूटोरियल से वीडियो फाइल्स में से पृष्ठभूमि के ध्वनि कैसे हटाए इसकी जानकारी देता हैं|*

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: covid-19@internews.org

कुछ ऑडियो संपादित करना है?

अगर प्रो टूल या रीपर लायसेंस आपके स्टूडियो के संगणक पर मौजूद है जिस तक आप पहुंच नहीं सकते, तो अब आप अस्थायी लाइसेंस एविड/प्रो टूल और रीपर का प्राप्त सकते हैं। ऑडेसिटी एक निःशुल्क और ओपन सोर्स एडिटिंग प्लेटफार्म है जो मैक और पीसी पर ऑफलाइन इस्तेमाल किया जा सकता हैं |

लिप्यन्तरण लिखना है?

साक्षात्कार का अनुलेखन लिखना एक विस्तृत प्रक्रिया है, इन सुविधाजनक उपकरणों का इस्तेमाल कर अनुलेखन लिप्यंतरण के समय को घटाए ताकि आपको अपने दर्शको के साथ जुड़े रहने के लिए ज्यादा समय मिले| वॉइसरिकॉर्डप्रो , उदाहरणार्थ, आपको प्रत्यक्ष स्मार्टफोन पर इंटरव्यू रिकॉर्ड करके लिप्यंतरण करने की सुविधा देता है |

हाई-टेक: कई तरह के ऐप आपको ऑडियो और वीडियो साक्षात्कार के अनुलेखन की सुविधा देते है| उदाहरण के लिए, ट्रिंट, वर्तमान में 30 भाषाओं को सपोर्ट करता है| वैकल्पिक रूप सेएक वॉइस टू टेक्स्ट फीचर है जिससे गूगल आपके एक आवाज़ को सुन कर या रिकॉर्ड किए गए साक्षात्कार को सुनकर अपने आप टाइप करता है| विराम चिन्ह डालने के लिए आपको वॉइस कमांड देने होंगे (उदाहरणार्थ, पूर्ण विराम के लिए 'पीरियड' कहें) | यह प्लेटफार्म 100 भाषाओं और बोलिओं को सपोर्ट करता हैं |

***लो-टेक:** गूगल ने नया वॉयस रिकॉर्डर ऐप जारी किया है जो रिकॉर्डिंग करते समय अनुलेखन लिप्यंतरण की सुविधा देता है, जो कि इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी काम करता है|*

अन्य पत्रकारों के सहयोग की कमी महसूस हो रही हैं?

कई पत्रकार उनके समाचार प्रेषण के सामाजिक पहलू की कमी महसूस करेंगे | जैसे की समूह में प्रेस कांफ्रेंस में भाग लेना, खबरों को शेयर करना, नए सुझाव देना और संपर्क बढ़ाना| सामाजिक दूरी के इस दौर में, एक दूसरे से जुड़े रहने के जुड़े रहने के तरीकों को खोजना महत्वपूर्ण है|

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: covid-19@internews.org

अन्य पत्रकारों के सहयोग की कमी महसूस हो रही हैं? (जारी है)

अगर आपके प्रो टूल या रीपर लायसेंस आपके स्टूडियो संगणक पर मौजूद हो जिस तक आप पहुंच नहीं सकतेतो आप अस्थायी लायसेंस खोज सकते हैं एविड/प्रो टूल और रीपर. ऑडेसिटी एक निःशुल्क और ओपन सोर्स एडिटिंग प्लेटफार्म है जो मैक और पीसी पर ऑफलाइन इस्तेमाल किया जा सकता हैं |

हाई-टेक: व्हाट्सप्प पत्रकारों को इस संकट से जोड़े रखने में एक सहायक उपकरण के रूप में उभर रहा है। अपने जैसे एक दूसरे पत्रकारों का एक व्हाट्सप्प ग्रुप बनाये, ताकि एक दूसरे का सहयोग कर सके, स्रोतों की पुष्टि कर सके और जानकारी सामूहिक तौर पर प्राप्त की जा सके|

स्लैक एक बहुमूल्य कोलैबोरेशन टूल हो सकता है और एक कामकाजी टीम या पत्रकारों के समूह के लिए ईमेल, टेक्स्ट मैसेज और तुरंत संदेश भेजने के लिए एक अच्छा विकल्प बन सकता है| डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों संस्करणों उपलब्ध है , यह आपकी संपादकीय टीम को सहयोग करने और उनकी कार्य को समय सीमा में पूरा करने में मदद कर सकता है, चाहे वे भौतिक रूप से कही भी हों। यह स्लैक ग्रुप, उदारहरणार्थ , इस कोविड-19 संकट काल में फ्रीलांसर पत्रकारों को सहयोग देने के लिए बनाया गया हैं|

माइक्रोसॉफ्ट टीम माइक्रोसॉफ्ट के इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ऐप बन गया है। मीडिया आउटलेट टीमों में चैट विंडो का उपयोग इस कदम उनके दूरस्थ पत्रकारों के साथ त्वरित बातचीत करने के लिए कर सकते हैं। पत्रकार उनके प्रारूप लेखों पर प्रतिक्रिया पा सकते है और चैट विंडो से अपने सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त कर सकते है|

Journalism.co.uk पर पत्रकारों के लिए ऑनलाइन फ़ोरम्स की उपयुक्त सूची भी तैयार की है।

लो-टेक: *अगर बैंडविड्थ की समस्या हो, तो इस संकट काल की रिपोर्ट करते समय अपने विश्वसनीय साथियों के साथ सुझाव शेयर करने और सहयोग प्राप्त करने के लिए साप्ताहिक ऑनलाइन बैठक निर्धारित करने पर विचार करें| ऐप्स जैसे की मीटअपकॉल आपको बिना इंटरनेट कनेक्शन के व्यक्तियों और समूहों को कॉल करने की सुविधा प्रदान करता है, आपको सिर्फ फ़ोन सिग्नल की आवश्यकता होगी।*

Internews

आपके दर्शकों तक पहुँचना है?

इस चुनौती भरे काल में पत्रकारों को अपने दर्शकों से संपर्क बनाये रखने के लिए रचनात्मक विचार करना होगा, सिर्फ जानकारी देने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए की उनकी रिपोर्टिंग में सिर्फ विशेषज्ञ नहीं, सामुदायिक सदस्यों के विचारों, आशंकाओं और सुझाओं को ध्यान में रख जाता है और उनपर प्रतिक्रिया दी जाती है| बीबीसी ने इंस्टाग्राम के लिए कई डाक्यूमेन्टरी बनायी हैं और वाशिंगटन पोस्ट ने युवा पीढ़ी से जुड़ने के लिए टिकटोक एप्प का सहारा लिया है|

हाई-टेक: सोशल मीडिया पत्रकारों के लिए एक प्रभावशाली उपकरण है, सच्ची कहानियां कहने के लिए,विशेषज्ञ ढूँढ़ने के लिए, आँखों देखा हाल बयान करने के लिए और सामुदायिक विचार प्रसारित करने के लिए। चैट ऐप्स जैसे **व्हाट्सप्प, लाइन,** और **वीचैट** आदि ऐप समाचार को साझा करने और रिपोर्टिंग के लिए सामान्य उपकरण बन गए हैं। इंटरनेशनल जर्नलिस्ट नेटवर्क विभिन्न उपकरणों और शैक्षणिक अवसरों पर एक व्यापक नज़र डालता है|

सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्लेटफार्म हूटस्वीट एक ऑनलाइन कोर्स चलाता है उन पत्रकारों के लिए जो सोशल मीडिया द्वारा समाचार प्रेषण और प्रसारण करना चाहते हैं। निमन लैब इस क्षेत्र में अग्रणी है और समाचार प्रसार के लिए इंस्टेंट मैसेज ऐप्स के प्रभाव पर इसका यह दृष्टिकोण है|

लो-टेक: *यदि आप सोशल मीडिया तक नहीं पहुँच पा रहे हैं, तो अब अपने दर्शकों से संपर्क बनाए रखने के लिए पुरानी स्कूल की तकनीकों का आधार लेने का यही समय है| चाहे आप इन्हे बेसिक फोन कहें या डम फोन* ***मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा संचालित वहनीय सेल फ़ोन*** *आज भी कमज़ोर वाईफाई या इंटरनेट कनेक्शन वाले इलाको में पत्रकारों के लिए जीवनप्रद और उपयुक्त उपकरण है| अपर्याप्त संसाधनो से झुंझने वाले समुदायों में ये डम फ़ोन इस कोविड-19 महामारी के समय में शानदार वापसी कर रहे हैं और पत्रकार इन मोबाइल फ़ोन पर, टेक्स्ट मैसेज करके इन समुदायों को शामिल कर सकते हैं|*

इस संकट काल में मोबाइल फ़ोन सम्राट साबित हुए है| सामुदायिक नेताओं, बिज़नेस ऑपरेटर और समर्थक समूहों को कॉल करें|

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: covid-19@internews.org

क्या आपको प्रशिक्षण की ज़रूरत महसूस होती है?

सामाजिक दूरी के इस दौर में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का ये उचित समय है| कई मीडिया विकास संस्थाए इस संकट काल में निःशुल्क लाइव वेबिनार का आयोजन कर रही है| हमारी साप्ताहिक बुलेटिन कनेक्ट: कोविड-19 पर नज़र रखे स्थानीय भाषाओं में नियमित प्रशिक्षण के अवसर प्रकाशित होते है|

सारा समय कैसे और कहा बीता इसका अचरज हो रहा है?

क्लॉकिफाय छोटी बड़ी सभी टीमों के लिए उपयुक्त समय पर नज़र रखने वाला निशुल्क टाइम शीट ऐप है| आप इसे अपने डेस्कटॉप और मोबाइल डिवाइस (आईओएस, एंड्रॉयड, लिनक्स, मैक, विंडोज) पर इंस्टॉल कर सकते हैं और निजी तौर पर यह आपके लिए सबसे सुविधाजनक समय पर इसे ट्रैक कर सकते हैं। उपकरणों को हर समय ऑनलाइन सिंक किया जाता है। यह ऐप असीमित यूज़र्स के लिए निःशुल्क उपलब्ध है| सब्सक्रिप्शन लेने पर अतिरिक्त फीचर्स का लाभ मिल सकता है| टाइम मैनेजमेंट टूल्स का उपयोग करने के लिए ये सलाह पढ़ें|

व्हेन आय वर्क एक निःशुल्क कर्मचारी शेड्यूलिंग ऐप है साक्षात्कार के समय और अपने समाचार स्रोतों के साथ बैठक से समय बचाता है। संचार कौशल सुधारने में, टालमटोल की प्रवृत्ति मिटाने में, सम्पादकीय टीम की जवाबदेही उपस्थिति और समय व्यवस्थापन द्वारा बढ़ाने में, और आपके प्रकाशन के विकास में यह सहायक बनता है|

संयोजित रहने की कोशिश कर रहे हैं?

अब आप अपने सम्पादक और समाचार टीमों से संयोजित रहना चाहते है और सिंक्रनाइज़ रहने की कोशिश कर रहे हैं **तो आपको टैगा की कोशिश करनी चाहिए**। यह आभासी 'पोस्ट इट नोट' बोर्ड टीमों को व्यक्तिगत कार्यों का ट्रैक रखने में मदद करता है। संगठन और परियोजना के आयोजन की इस पद्धति को 'कानबान' कहते है जो की विकास की परियोजनाओं से ले कर अवकाशकाल के आयोजन के लिए उपयोग में लायी जाती हैं। टैगा सुखद रूप से चित्रमय और संवादात्मक है, और एक कॉलम से दूसरे कॉलम तक टास्क ड्रैग और ड्राप करने से अधिक संतोषजनक हो सकता है । टैगाकी सुविधाओं, लाभों और उत्पाद की शक्तियों के बारे में अधिक जानने के लिए यहां क्लिक करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: covid-19@internews.org

संयोजित रहने की कोशिश कर रहे हैं? (जारी है)

क्षेत्र में काम करने वाले पत्रकार भूले नहीं की **गूगल ड्राइव** आपको 15 गीगाबाइट्स तक निःशुल्क स्टोरेज स्पेस देता है, जिसे आप महत्वपूर्ण फाइल, दस्तावेज़, और चित्र क्लॉउड कंप्यूटिंग तकनीक द्वारा स्टोर करने के लिए प्रयोग कर सकते है। इस प्रकार आपका बहुमूल्य डाटा गूगल के सर्वर पर संचित रहता है ताकि आप उसे कही से भी एक्सेस कर सकें। पढ़ें गूगल ड्राइव इस्तेमाल करने के लाभ ।

थोड़ी प्रेरणा चाहिए?

हैशटैग अवर स्टोरीज वैश्विक पहुँच की एक मीडिया स्टार्ट-अप हैं, जो लोगों के नज़रिए से कहानियां को बयान करती है। इन मोबाइल पत्रकारों की कोविड-19 व्याप्ति उपयोगकर्ता-कृत MOJOs का उत्सव मनाती हैं, और यह प्रमाणित करती हैं की अच्छी खबरें और सच्ची कहानियां बयान करने के लिए घर से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती। आप उन्हें ट्विटर पर यहाँ खोज सकते है।

यह एक जीवंत दस्तावेज़ है जिसे समय समय पर नए संसाधनों द्वारा अद्यतन किया जायेगा – यदि आप अपने अनुभव या संसाधन साझा करना चाहते हैं, तो हमें जानने में बहुत ख़ुशी होगी!